प्रभावी मॉनिटरिंग से ही स्वच्छ भारत मिशन के कार्यों में गुणवत्ता लाई जा सकती है : जिला कलेक्टर

स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) राजस्थान के ब्राण्ड एम्बेसडर के.के. गुप्ता की अध्यक्षता में जिले के समस्त नगरीय निकायों के साथ जिला कलेक्ट्रेट सभागार सीकर में कार्यशाला आयोजित की गई।

■ स्वच्छता कार्यों में व्यवस्थाओं को सुदृढ़करने की है आवश्यकता : ब्राण्ड एम्बेसडर के.के गुप्ता

सीकर, (निसं)। स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) राजस्थान के ब्राण्ड एम्बेसडर के.के. गुप्ता की अध्यक्षता में जिले के समस्त नगरीय निकायों के साथ कार्यशाला मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार, सीकर में आयोजित की गई। बैठक में स्वच्छता कार्यों की प्रगति, मॉनिटरिंग एवं प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

कार्यशाला में स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) राजस्थान के ब्राण्ड एम्बेसडर के.के. गुप्ता ने बताया कि हमारा विजन बहुत ही स्पष्ट है कि जिन शहरों में पहले स्वच्छता के बारे में सोचा भी नहीं जाता था, उन्हें भी स्वच्छ बनाया गया है। उन्होंने कहा की आदिवासी क्षेत्रों में भी स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं, जो आज देश और दुनिया में पहचान बना चुके हैं। इसी उद्देश्य से निकायों के अधिकारियों के समक्ष छोटे-छोटे लेकिन महत्वपूर्ण बिंदु डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, सार्वजनिक शौचालयों की साफ-सफाई, प्लास्टिक मुक्त सीकर, व्यवसायिक क्षेत्रों में रात्रिकालीन साफ-सफाई, नीजी खाली प्लाट की साफ-सफाई, शहर के बाग बगीचों की साफ-सफाई के नगर पालिका के अधीशाषी अधिकारियों के सामने रखे गए हैं, ताकि स्वच्छता कार्यों को प्रभावी रूप से धरातल पर उतारा जा सके। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सीकर जिले में भी निश्चित रूप से इन बिन्दुओं पर प्रभावी क्रियान्वयन किया जायेगा तो स्वच्छ भारत मिशन शहरी के कार्यों में सकारात्मक बदलाव आएगा। उन्होंने कहा कि जहां डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण प्रभावी रूप से हो रहा है, वहां कहीं भी कचरा दिखाई नहीं देता। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के स्पष्ट निर्देश हैं कि राज्य के सभी धार्मिक एवं पर्यटन स्थल पूर्णत: स्वच्छ होने चाहिए।

के.के. गुप्ता ने कार्यशाला में समस्त नगर निकाय के अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता कार्यों में व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता हमारा मूल कार्य है तथा इसके लिए पर्याप्त संसाधन एवं कर्मचारी भी उपलब्ध हैं। उन्होंने वर्ष 2015 से स्वच्छता अभियान से जुड़े अपने अनुभव साझा करते हुए उन्होंने नगर निकाय के अधिकारियों से कहा कि वे स्वच्छ भारत मिशन की सभी योजनाओं को पूरी ईमानदारी, कर्तव्य निष्ठा के साथ धरातल पर उतारना सुनिश्चित करें।

उन्होंने डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण को स्वच्छता का आधार बताते हुए कहा कि वर्ष के 365 दिन कचरा संग्रहण किया जाए तथा प्रतिदिन सुबह 10 बजे से पूर्व प्रत्येक घर से शत-प्रतिशत कचरा उठाया जाए। कचरा संग्रहण वाहन जीपीएस प्रणाली से संचालित हों तथा गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग एकत्रित किया जाए। उन्होंने आईईसी गतिविधियों के माध्यम से जन-जागरूकता बढ़ाने, 10-10 महिलाओं के समूहों की बैठकें आयोजित करने तथा समयबद्ध कचरा संग्रहण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि प्रत्येक 400 घरों पर एक ऑटो टीपर की व्यवस्था की जानी चाहिए।

के.के. गुप्ता ने सार्वजनिक शौचालयों के संबंध में निर्देश दिए कि इन्हें कांच की तरह स्वच्छ रखा जाए तथा दिन में कम से कम तीन बार साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए। शौचालयों की जियो-टैगिंग कर उनकी फोटो समूह में साझा की जाए, जिससे प्रभावी मॉनिटरिंग हो सके। साथ ही शमशान घाटों में भी नियमित साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

प्लास्टिक मुक्त सीकर की परिकल्पना पर जोर देते हुए गुप्ता ने कहा कि सड़कों पर प्लास्टिक बिल्कुल दिखाई नहीं देना चाहिए, क्योंकि यह न केवल गंदगी फैलाता है, बल्कि पशुओं के लिए भी घातक है। उन्होंने गीले एवं सूखे कचरे के पृथक्करण को अनिवार्य रूप से लागू करने के निर्देश दिए।

उन्होंने जन-जागरूकता के लिए 25 हजार की आबादी पर 4 तथा एक लाख की आबादी पर 8 होर्डिंग लगाने के निर्देश दिए। साथ ही सभी अधिशाषी अधिकारियों (ईओ) को अपने-अपने स्तर पर समूह बनाकर नियमित मॉनिटरिंग करने को कहा। उन्होंने बताया कि स्वच्छता कार्यों की निगरानी डीएलबी द्वारा की जाएगी। गुप्ता ने सभी अधिकारियों से आव्हान किया कि वे पूरी ईमानदारी एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करें, ताकि राजस्थान स्वच्छ भारत मिशन में अग्रणी स्थान प्राप्त कर सके।

जिला कलेक्टर आशीष मोदी ने बताया कि टीम को स्वच्छता कार्यों में निरंतर सुधार के लिए प्रेरित किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रभावी मॉनिटरिंग से ही कार्यों में गुणवत्ता लाई जा सकती है। उन्होंने आश्वस्त किया कि जिले की समस्त टीम द्वारा गुप्ता द्वारा दिए गए निर्देशों की पालना करते हुए स्वच्छता कार्यों को बेहतर बनाएगी, जिससे सीकर जिला राज्य में एक उदाहरण बन सके।

कार्यशाला में नगर परिषद आयुक्त सीकर शशीकांत शर्मा, फतेहपुर अभिलाषा सहित समस्त नगर पालिकाओं के अधीशाषी अधिकारी, तकनिकी अधिकारी, मुख्य सफाई निरीक्षक, डोर-टू डोर कचरा संग्रहण के ठेकेदार, कनिष्ठ अभियन्ता, सहायक अभियन्ता, स्वच्छत भारत मिशन से जुडे हुए कार्मिक, रूडीप प्रोजेक्ट, जेजेएम योजना से जुड़े अधिकारी, कार्मिक उपस्थित रहे।

सार-समाचार

सुण्डाराम यादव को सीकर की जिम्मेदारी

पाटन (निसं)। अहीरवाल क्षेत्र की समृद्ध संस्कृति, इतिहास और परंपराओं के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए कार्यरत सांस्कृतिक अहीरवाल संस्था नारनौल ने एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। संस्था द्वारा जारी प्रेस विज्ञिप्त के अनुसार राजस्थान क्षेत्र में संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से सुण्डाराम यादव करजो को सीकर जिले की जिम्मेदारी सौंपी गई है।अहीरवाल क्षेत्र हरियाणा, राजस्थान और दिल्ली के नौ जिलों में फैला हुआ एक ऐतिहासिक और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध क्षेत्र है। संस्था ने इस पूरे क्षेत्र के लगभग 2500 गांवों का इतिहास लेखन कार्य पूर्ण कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए मार्गदर्शक साबित होगा। संस्था के निदेशक सत्यव्रत शास्त्री ने अहीरवाल की प्राचीन संस्कृति को पुन: वैभवशाली बनाने के लिए एक विस्तृत कार्य योजना तैयार की है। इस योजना के तहत क्षेत्र की खोई हुई प्रतिष्ठा को पुनर्स्थापित करने, पारंपरिक मान-बिंदुओं और रीति-रिवाजों को संरक्षित करने तथा नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने पर विशेष जोर दिया जाएगा।सांस्कृतिक अहीरवाल का उद्देश्य न केवल इतिहास को संकलित करना है, बल्कि उसे प्रकाशित कर जन-जन तक पहुंचाना भी है। साथ ही क्षेत्र के सांस्कृतिक और धार्मिक पर्यटन स्थलों को वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में भी कार्य किया जाएगा।सुण्डाराम यादव की नियुक्ति पर क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्तियों ने खुशी व्यक्त की है। सामाजिक नेता रामरतन यादव, कालूराम सरपंच दलपतपुरा, सोमदत्त सरपंच मोहनपुरा, धर्मपाल यादव, सुरेश यादव रामपुरा और हरिराम बल्लूपुरा सहित अनेक लोगों ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में संगठन को नई गति मिलेगी और सांस्कृतिक अहीरवाल का मिशन और अधिक प्रभावी रूप से आगे बढ़ेगा।पिछले पांच वर्षों से निरंतर प्रगति कर रही संस्था को इस नियुक्ति से और मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

ओटीपी लेकर 1.13 लाख उड़ाए

पिलानी (निसं)। घटना 18 अप्रैल की है, जब सिकंदर अली शादी समारोह में शामिल होने पिलानी आए हुए थे। इसी दौरान उन्हें एक कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को लोन फाइल क्लियर करने वाला अधिकारी बताया और व्हाट्सएप वीडियो कॉल पर जुडने को कहा। झांसे में आकर सिकंदर अली वीडियो कॉल से जुड़ गए। ठग ने प्रोसेसिंग का बहाना बनाकर उनसे मोबाइल की स्क्रीन शेयर करवाई और मैसेज बॉक्स खुला रखने को कहा। इसी दौरान मोबाइल पर आए ओटीपी को ठगों ने हासिल कर लिया और नेट बैंकिंग के जरिए अपने खाते को बेनिफिशियरी के रूप में जोड़ लिया। दो किश्तों में साफ किया खाता नए बेनिफिशियरी के जुड़ने में 24 घंटे की देरी का फायदा उठाते हुए ठगों ने 19 अप्रैल को फिर संपर्क किया। एक बार फिर वीडियो कॉल के जरिए स्क्रीन शेयर करवाई गई और खाते से पहले 49,500 रुपए और फिर 64,000 रुपए ट्रांसफर कर लिए गए। शादी समारोह में व्यस्त होने के कारण सिकंदर अली को तुरंत धोखाधड़ी का पता नहीं चला। अगले दिन जब उन्होंने बैंक खाता चेक किया तो रकम गायब मिली। इसके बाद उन्होंने तुरंत साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत दर्ज होने के बाद साइबर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। शुरुआती जांच में यह सामने आया है कि ठगों ने बेहद सुनियोजित तरीके से तकनीक का इस्तेमाल कर वारदात को अंजाम दिया।

मूर्ति का अनावरण आज

चूरू (निसं)। जिला स्टेडियम में लेफ्टिनेंट जनरल सगत सिंह राठौड़ की मूर्ति अनावरण समारोह व कृषि उपज मंडी में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ के जन्मदिन पर होने वाली संकल्प सभा को लेकर विधायक हरलाल सहारण, जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा, जिला महामंत्री चन्द्राराम गुरी व अभिषेक चोटिया ने मंगलवार को प्रेस वार्ता कर कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। इस अवसर पर विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि चूरू के लाल लेफ्टिनेंट जनरल सगत सिंह राठौड की मूर्ति का अनावरण 22 अप्रैल को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला व सिक्किम के राज्यपाल ओम माथुर करेंगे। विधायक सहारण ने बताया कि पूर्व नेताप्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड के जन्म दिवस पर संकल्प सभा के रूप में विशाल जनसभा का आयोजन किया जायेगा। जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा ने कहा कि लेफ्टिनेंट जनरल सगत सिंह राठौड के नाम पर पिछले दिनों मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जिला खेल स्टेडियम का नाम रखा था, अब बुधवार को इनकी मूर्ति का अनावरण किया जायेगा। विधायक हरलाल सहारण ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस दौरान विधायक सहारण ने सभा स्थल का निरीक्षण किया। इस अवसर पर नेताप्रतिपक्ष विमला गढ़वाल, मण्डल अध्यक्ष सुरेश सारस्वत, जिला मीडिया संयोजक रवि दाधीच सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

आमजन की समस्याएं सुनी

रतनगढ़ (निसं)। पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि ने भाजपा कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे लोगों की विभिन्न समस्याएं गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान महर्षि ने कहा कि आमजन की मूलभूत समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के साथ सहज व सुलभ तरीके से होना चाहिए, जिससे लोगों को राहत मिल सके।जनसुनवाई में नई सड़क निर्माण, सड़कों की मरम्मत, जर्जर विद्युत पोल बदलवाने, नए बिजली कनेक्शन, 'आपणी योजना' के तहत जल कनेक्शन, जल आपूर्ति सुचारू करने, ट्यूबवेल की खराब मोटर बदलवाने सहित शिक्षा व चिकित्सा से जुडी समस्याएं प्रमुख रूप से उठाई गईं, जिन पर अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

चेक अनादरण मामले में एक वर्ष का कारावास

तारानगर (निसं)। तारानगर न्यायालय के न्यायिक मजिस्ट्रेट अजयदीपसिंह की अदालत ने चेक अनादरण के एक मामले में निर्णय पारित करते हुए सिद्धमुख तहसील के दयावठ निवासी रतनलाल पुत्र मुंशीराम को एक वर्ष के साधारण कारावास व 12 लाख रुपये के प्रतिकर से दंडित किया है, परिवादी की ओर से पैरवी कर रहे एडवोकेट जीताराम शर्मा ने बताया के दयावठ गाँव के ही सुनील कुमार ने रतनलाल के विरुद्ध 9,65,000 रुपए के चैक अनादरण का मामला दर्ज करवाया था दोनों पक्षों की साक्ष्य के उपरांत न्यायालय ने रतनलाल को एक वर्ष का साधारण कारावास व बारह लाख रुपए के प्रतिकर से दंडित किया है। परिवादी सुनील कुमार की ओर से पैरवी अधिवक्ता जीताराम शर्मा पंडरेऊ टिब्बा ने की।

सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का भ्रमण किया

रतनगढ़ निसं)। आरयूआईडीपी द्वारा निर्मित चूरू रोड स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का मरुधर आईटीआई के विद्यार्थियों ने निदेशक महेश भाम्बू के नेतृत्व में भ्रमण किया। एल एंड टी कंपनी के इंजीनियर सोमेन बैरा, विष्णु स्वामी व कार्तिक ने विद्यार्थियों को प्लांट की कार्यप्रणाली, ट्रीटमेंट प्रक्रिया व आधुनिक तकनीक की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शुद्ध किया गया पानी सिंचाई के काम आता है और उससे प्राप्त खाद भी उपयोगी होती है। इस दौरान विद्यार्थियों को विद्युत सिस्टम व मशीनों के कार्य के बारे में समझाया गया। कार्यक्रम में शिक्षक सुमित, अमित सहित अन्य उपस्थित रहे।

गर्मी में जगह-जगह प्याऊ शुरू

रतनगढ़ निसं)। रतनगढ़ नागरिक परिषद, कोलकाता ने गर्मी के मौसम में शहर के विभिन्न स्थानों पर राहगीरों के लिए ठंडे पानी की व्यवस्था शुरू की है। गढ़ परिसर में प्याऊ का शुभारंभ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुरेंद्र कौशिक व एसीजेएम अरुण जागिड ने किया। परिषद के प्रतिनिधि एडवोकेट रजनीकांत सोनी ने बताया कि रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, सब्जी मंडी, अस्पताल सहित कई स्थानों पर पेयजल सुविधा उपलब्ध कराई गई है। जरूरत अनुसार आगे भी प्याऊ व टैंकर से पानी उपलब्ध कराया जाएगा।

सीएम किसान सम्मान निधि योजना की किस्त हस्तांतरण आज

सीकर (निसं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बुधवार, 22 अप्रैल, 2026 को ओसियां, जोधपुर से मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत छठी किस्त का हस्तांतरण करेंगे। जिला कलेक्टर आशीष मोदी ने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम वीडियों कॉन्फ्रेंस के माध्यम से प्रात: 11 बजे जिला परिषद सभागार सीकर में प्रसारण किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजन व आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर संबंधित अधिकारियों को समुचित निर्देश दिए गए हैं।

मोतियाबिंद जांच व ऑपरेशन शिविर कल

रतनगढ़ निसं)। माहेश्वरी सभा ट्रस्ट, शंकरा आई हॉस्पिटल व जिला अंधता निवारण समिति जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में 23 अप्रैल को माहेश्वरी भवन (रामचंद्र पार्क के पास) में नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच व लेंस प्रत्यारोपण शिविर आयोजित होगा।

हीटवेव अलर्ट को लेकर प्रशासन सतर्क

हनुमानगढ़, (निसं)। आगामी हीटवेव की संभावना को देखते हुए जिला प्रशासन ने तैयारिया तेज कर दी हैं। मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित पार्क में जिला कलेक्टर डॉ. खुशाल यादव ने परिंडे बांधकर 'परिंडे अभियान' की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए पेयजल की व्यवस्था करना हम सभी की जिम्मेदारी है। जिला कलेक्टर ने जिलेवासियों से अपील की कि वे अपने घरों व आसपास परिंडे बांधकर पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करें। साथ ही उन्होंने लोगों से स्वयं के स्वास्थ्य का ध्यान रखने और पालतू पशुओं की देखभाल करने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि हीटवेव को लेकर सभी विभागों को सतर्क रहने और आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान सहायक निदेशक लोक सेवाएं दिव्या चौधरी, एसीईओ देशराज बिश्नोई, महाप्रबंधक उद्योग एवं वाणिज्य आकाशदीप सिद्धु, पशुपालन संयुक्त निदेशक डॉ. आनंद स्वरूप, उपनिदेशक आर्थिक एवं सांख्यिकी ममता बिश्नोई सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

रक्तदान शिविर आयोजित

नोहर, (निसं)। यहां भाजपा नेता काशीराम गोदारा व नगरमण्डल भाजपा ने बताया कि स्थानीय भगत सिंह चौक स्थित लाइफ लाइन हॉस्पिटल में आज प्रात: 09 बजे एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र सिंह राठौड के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित किया जा रहा है। आयोजकों के अनुसार, शिविर की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना और जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराना है। रक्तदान जीवनदान के संदेश के साथ यह पहल की जा रही है।

चूरू में गर्मी का प्रकोप जारी

चूरू (निसं)। जिले में इन दिनों भीषण गर्मी का प्रकोप तेजी से बढ़ता जा रहा है। सोमवार को अधिकतम तापमान 41.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हीटवेव की आशंका को देखते हुए डीबी अस्पताल में विशेष तैयारियां की गई हैं। इमरजेंसी, मेल-फीमेल और मेडिसिन आईसीयू में हीटवेव पीडितों के लिए बेड आरक्षित किए गए है।। अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में ठंडे पानी की बोतलें और ओआरएस के पैकेट उपलब्ध कराए गए हैं। इसके अलावा आइस पैक और तरल पदार्थों को ठंडा रखने के लिए डी-फ्रीज में रखा गया है ताकि आवश्यकता पड़ने पर तुरंत उपयोग किया जा सके। इस तन झुलसाने वाली धूप के कारण दोपहर में शहर की सड़कों पर आवागमन काफी कम दिखाई देता है। लोग घरों से बाहर निकलने से पहले छाता या तौलिया का सहारा लेते हैं। सोमवार को चूरू में अधिकतम तापमान 40.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

जनगणना-2027 को लेकर अधिकारियों का प्रशिक्षण, जिला कलेक्टर ने आवश्यक निर्देश दिए

हनुमानगढ़, (निसं)। आगामी जनगणना-2027 को सुचारू, पारदर्शी और त्रुटिरहित तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला कलेक्टर डॉ. खुशाल यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को उपखंड अधिकारियों एवं चार्ज अधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम और समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनगणना कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देने और समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए गए।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला कलेक्टर ने कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जिसे पूरी गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ संपन्न किया जाना चाहिए। उन्होंने 1 मई से 15 मई 2026 तक प्रस्तावित 'सेल्फ एन्यूमरेशन' प्रक्रिया को अधिकाधिक बढ़ावा देने पर जोर देते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे आमजन को इसके लिए जागरूक करें और पोर्टल के माध्यम से स्वयं डेटा दर्ज करने के लिए प्रेरित करें, ताकि आंकडों की सटीकता और गति सुनिश्चित हो सके। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनगणना निदेशालय जयपुर के सहायक निदेशक कल्पेश गुप्ता ने अधिकारियों को जनगणना पोर्टल के उपयोग, डेटा एंट्री की मॉनिटरिंग तथा फील्ड स्तर पर आने वाली तकनीकी समस्याओं के समाधान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में प्रभावी निगरानी रखने के निर्देश भी दिए। बैठक के अंत में उप जिला जनगणना अधिकारी डॉ. ममता बिश्नोई ने सभी अधिकारियों को कहा कि वे अपने क्षेत्रों में जनगणना की तैयारियों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करें। इस अवसर पर जिले के सभी उपखंड अधिकारी, चार्ज अधिकारी तथा जनगणना कार्य से जुड़े संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। नागरिक स्वयं भर सकेंगे विवरण : जिला कलेक्टर डॉ. खुशाल यादव ने बताया कि इस बार जनगणना प्रक्रिया में एक महत्वपूर्ण डिजिटल पहल के रूप में स्व-गणना (सेल्फ इनुमेरेशन) का विकल्प भी शामिल किया गया है, जिसके माध्यम से नागरिक स्वयं ऑनलाइन अपनी जनगणना विवरणी भर सकेंगे।

इस प्रक्रिया के तहत निवासी अपने परिवार से संबंधित जानकारी स्वयं ऑनलाइन पोर्टल://...पर दर्ज कर सकते हैं। यह पोर्टल 1 मई, 2026 से 15 मई, 2026 तक, प्रगणक के घर-घर सर्वे से 15 दिन पूर्व सक्रिय रहेगा। पूरी प्रक्रिया लगभग 15 से 20 मिनट में पूर्ण हो जाती है तथा सफल सबमिशन के बाद से शुरू होने वाली 11 अंकों की विशिष्ट जारी की जाती है। पंजीकरण एवं प्रक्रिया: सरल चरणों में पूरी होगी स्व-गणना स्व-गणना के लिए नागरिकों को पोर्टल पर राज्य का चयन कर कैप्चा भरते हुए लॉगिन करना होगा। इसके बाद परिवार के मुखिया का नाम, मोबाइल नंबर (प्रति परिवार एक) और वैकल्पिक ईमेल दर्ज करना अनिवार्य होगा। भाषा चयन के बाद ओटीपी सत्यापन किया जाएगा। आगे की प्रक्रिया में नागरिकों को अपने निवास का विवरण भरते हुए डिजिटल मानचित्र पर घर का सटीक स्थान चिन्हित करना होगा। इसके पश्चात निर्धारित प्रश्नावली भरकर के माध्यम से जानकारी की जांच की जा सकती है तथा अंतिम रूप से करने पर डेटा लॉक हो जाएगा। सत्यापन एवं सावधानिया: सुरक्षित रखना आवश्यक अंतिम सबमिशन के पश्चात प्राप्त को सुरक्षित रखना अनिवार्य है, जिसे एसएमएस अथवा ईमेल के माध्यम से भी प्राप्त किया जा सकता है।

चौपदार का जन्मदिन मनाया

नोहर, (निसं)। यहां प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेशाध्यक्ष एम. डी. चौपदार का जन्मदिन आज नोहर में सेवा और सामाजिक सरोकारों के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर अल्पसंख्यक विभाग हनुमानगढ़ के जिला अध्यक्ष आरिफ टाक के नेतृत्व में सवेरा सेवा संस्थान में एक दिन की संस्था के निवाला प्रोजेक्ट के तहत एक दिन की रसौई परोसी गई व वहां उपस्थित आमजन के बीच केक काटकर जन्मदिन की खुशियां साझा की गई। कार्यक्रम के तहत कार्यकर्ताओं द्वारा कल्याण द्वार गौशाला में पशुओं को चारा व गुड़ खिलाकर सेवा कार्य किया गया। इसके साथ ही मदरसे में बच्चों को मिठाई वितरित कर खुशी व्यक्त की गई। मदरसे में मौलाना और बच्चों ने एम. डी. चौपदार के लिए लंबी उम्र और अच्छी सेहत की दुआ की। इस आयोजन में कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी रही।

अस्पताल का औचक निरीक्षण

खेतड़ी/झुंझुनूं (निसं)। भीषण गर्मी और जारी हीट वेव अलर्ट के बीच स्वास्थ्य सेवाओं को दुरुस्त रखने के लिए चिकित्सा विभाग पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। इसी क्रम में सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर ने मंगलवार को उप जिला अस्पताल खेतडी का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की गहन पड़ताल की।

निरीक्षण के दौरान डॉ. गुर्जर ने अस्पताल के विभिन्न वार्डों में पहुंचकर भर्ती मरीजों से सीधे संवाद किया और उन्हें मिल रही चिकित्सा सुविधाओं का फीडबैक लिया। उन्होंने मौसमी बीमारियों की बढ़ती आशंका को देखते हुए दवाओं की उपलब्धता, जांच सुविधाओं और सिजेरियन डिलीवरी जैसी महत्वपूर्ण सेवाओं की स्थिति का विस्तार से जायजा लिया। सीएमएचओ ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मा योजना के तहत पात्र मरीजों के पैकेज समय पर बुक किए जाएं, ताकि अधिक से अधिक लोगों को योजना का लाभ मिल सके। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि अस्पताल में पेयजल, दवाइयों और अन्य आवश्यक संसाधनों की किसी प्रकार की कमी न रहे। गर्मी के तीखे तेवरों को देखते हुए उन्होंने सभी वार्डों मे कूलर, पंखे और पर्दों की समुचित व्यवस्था करने तथा साफ-सुथरा पेयजल उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि हीट वेव के दौरान मरीजों को त्वरित और बेहतर उपचार देना सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान पीएमओ डॉ. अक्षत शर्मा और बीसीएमओ डॉ. हरीश यादव सहित अस्पताल स्टाफ मौजूद रहा।

विधिक जागरूकता विषयों पर चर्चा

तारानगर (निसं)। तारानगर के अपर जिला एवं सेशन न्यायधीश व सिविल न्यायधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर द्वारा संचालित 'साईबर सुरक्षा जागरूकता, संरक्षण और न्याय तक समावेशी पहुँच' विषय पर 'ट्रांस्फॉरमेटिव ट्यूज्डे' नामक राजव्यापी प्रमुख कार्यक्रम के तहत मंगलवार को कस्बे के दो निजी शिक्षण संस्थानों में कक्षा 8वीं से 12वीं के विद्यार्थियों के बीच साईबर, विधिक जागरूकता विषयों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान एडीजे संतोष कुमार मीणा ने बच्चों को साईबर सुरक्षा के बारे में बताया, साईबर अपराधों व साईबर ठगी से किस प्रकार बचा जा सकता है इस के उपायों के बारें में बताया इसके साथ ही मीणा ने बताया कि 'विद्यार्थी देश का भविष्य है। यदि वे कानून के प्रति जागरूक होंगे।

साइबर क्राइम व बाल विवाह के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक किया

साइबर क्राइम व बाल विवाह के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक किया।

नीमकाथाना (निसं)। माननीय रालसा एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीकर के निर्देशन में तालुका विधिक सेवा समिति नीमकाथाना द्वारा जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों में विधिक सेवा शिविरों का आयोजन किया गया।

इन शिविरों में साइबर क्राइम तथा बाल विवाह जैसी गंभीर सामाजिक समस्याओं पर विद्यार्थियों को विस्तार से जानकारी दी गई। तालुका विधिक सेवा समिति के सचिव अजय सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में पैनल अधिवक्ता मुरारी लाल शर्मा, दर्शन सिंह सैनी, जसवंत मीणा एवं श्रीमती शशिकला सैनिक ने कानून से जुडे महत्वपूर्ण प्रावधानों को सरल भाषा में समझाते हुए विद्यार्थियों को जागरूक किया।

साथ ही अधिकार मित्र चंदन करोटवान, राजेन्द्र प्रसाद सैनी, हर्ष कुमार एवं सुश्री रितिका कंवर ने भी सक्रिय सहभागिता निभाते हुए विद्यार्थियों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया।वक्ताओं ने साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताते हुए सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग पर जोर दिया तथा बाल विवाह को रोकने हेतु कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी।

उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे स्वयं जागरूक बनें और समाज में भी जागरूकता फैलाने में सहयोग करें।इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को कानून की जानकारी देकर उन्हें सशक्त बनाना रहा।

चौपहिया वाहन के लिए नई सीरीज शुरू

हनुमानगढ़, (निसं)। वाहनों के आकर्षक पंजीयन नंबरों की बढ़ती मांग को देखते हुए हनुमानगढ़ जिला परिवहन कार्यालय (31) द्वारा नई सीरीज शुरू की गई है। 5 सीट तक के चौपहिया वाहनों के लिए चतुर्थ अग्रिम सीरीज तथा 5 से अधिक सीट क्षमता वाले चौपहिया वाहनों के लिए चतुर्थ अग्रिम सीरीज खोली गई है। परिवहन अधिकारी पुनिया ने बताया कि इन दोनों सीरीज में 0001 से 9999 तक के पंजीयन नंबर उपलब्ध रहेंगे।

बेदखली सूचना यह कि मेरा पुत्र विरेन्द्र पुत्र स्व.मदन सिंह जाति राजपूत निवासी वार्ड नं. 02, सांखू फोर्ट तहसील राजगढ़ जिला चूरू आवारा प्रवृति और गैर चाल चलन का है और मेरे कहे में नहीं है, आये दिन मेरे साथ गाली गलोच व लडाई झगड़ा करता रहता है तथा मेरा कहना नहीं मानता है और मुझे धमकी देता है कि मुझे व मेरे परिवार को झूठे मुकदमें में फंसा दूंगा और मुझे तंग परेशान करता है। इस कारण मैंने मेरे पुत्र विरेन्द्र के साथ सभी सम्बन्ध रिश्ते नाते खत्म कर लिये हैं मेरा मेरे पुत्र विरेन्द्र से किसी भी प्रकार का कोई लेना देना नहीं है और मेरे पुत्र विरेन्द्र को मेरी चल व अचल सम्पति से बेदखल करती हूं। भविष्य में मेरा पुत्र विरेन्द्र कोई गलत काम करता है तो वो स्वयं जिम्मेदार होगा और मेरे पुत्र विरेन्द्र से कोई भी व्यक्ति लेन देन करेगा तो उसका जिम्मेवार स्वयं लेनदार होगा और मेरा पुत्र विरेन्द्र आपराधिक प्रवृति का है और आपराधिक प्रवृति के लोगों के साथ इसका उठना बैठना है। अगर मेरा पुत्र विरेन्द्र कोई अपराध करता है या आपराधिक गतिविधियों में लिप्त पाया जाता है तो उसका जिम्मेवार मेरा पुत्र विरेन्द्र होगा। सर्वसाधारण आम को सूचित रहे। दिनांक 20.04.2026 प्रार्थीनी / सूचनाकर्ता- सुनिता पत्नी स्व. मदन सिंह जाति राजपूत निवासी वार्ड नं. 02, सांखू फोर्ट तहसील राजगढ़ जिला चूरू (राज.)

कार्यालय अध्यक्ष, महाविद्यालय विकास समिति राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सुजानगढ़ जिला-चूरू

क्रमांकः रामसु/लेखा/MVS/निविदा/2026-27/130-135 दिनांकः 21 अप्रैल, 2026

खुली बोली आमंत्रण सूचना

वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए इस कार्यालय व इस नोडल कार्यालय के अन्तर्गत संचालित राजसेस महाविद्यालय में महाविद्यालय विकास समिति के प्रावधानान्तर्गत कार्यालय कार्य हेतु मानव संसाधन आपूर्ती सेवा कम्प्यूटर ऑपरेटर, बागवान, चौकीदार व स्वीपर की दर अनुबन्ध पर सेवा उपलब्ध करवाने हेतु खुली बोली आमंत्रित की जाती है। खुली बोली आमंत्रण सूचना एवं बोली दस्तावेज वेबसाईट "http://sppp.rajasthan.gov.in" पर देखी जा सकती है।

NIB: ECD2627A0019
UBN: ECD2627SSOB00019

अध्यक्ष,
महाविद्यालय विकास समिति
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
सुजानगढ़

कार्यालय, नगरपालिका मण्डल, बीदासर (चूरू) राज0

क्रमांकः-न.पा.बी / भूमि-शाखा / 2026 / 104 दिनांक :- 16.04.2026

आपत्ति आमंत्रण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित आवेदकों ने आवासीय निर्माण स्वीकृति / नामान्तरण / उपविभाजन / कृषि भूमि से आवासीय पट्टा / 69-क पट्टा हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः आवेदनों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपति हो तो मय दस्तावेज के साथ 07 दिवस की अवधि में कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर देवे समयावधि पश्चात कोई आपति मान्य नही होगीं।

पत्रावलियों का विवरण

क्र. स	पत्रावली संख्या / दिनांक	नाम	भूमि का क्षेत्रफल (वर्गमीटर में)	आस-पास का विवरण उतर	दक्षिण	पूर्व	पश्चिम
1.	116 / 13.04.2026	श्रीमति विजय लक्ष्मी पत्नि श्री अनिल कुमार जाति शर्मा निवासी वार्ड न. 10 स्टेट बैंक के पास बीदासर।	115.24 व.मी. (69-क)	गवालाराम	आम रास्त	चिमनाराम	गोपाल शर्मा
2.	117 / 13.04.2026	श्री अमर सिंह व महेन्द्र सिंह पुत्र श्री भूर सिंह जाति राजपूत निवासी वार्ड नं.34 उतरादा बास बीदासर।	108.70 व.मी. (69-क)	आम रास्त	नोरतमल	कन्हैयालाल	भंवरलाल
3.	23 / 10.4.2026	श्री सुरेंद्र कुमार टांटिया पुत्र श्री बनवारी लाल जाति टांटिया निवासी वार्ड नं.05 रामदवारा के पास बीदासर।	491 व.मी. (निर्माण स्वीकृति)	आम रास्त	आम रास्त	ओमप्रकाश / जंवरीमल सोनी व मनीष सोनी	बच्छराज डोसी व शिवजी शर्मा
4.	24 / 10.4.2026	श्रीमति सावत्री पत्नि श्री शिव प्रसाद जाति शर्मा निवासी वार्ड न. 04 रामदवारा के पास बीदासर।	61.38 व.मी. (निर्माण स्वीकृति)	बच्छराज डोसी	आम रास्त	भूमि विक्रेता की	सावत्री
5.	25 / 16.04.2026	श्री अब्दूल रउफ पुत्र श्री इब्राहीम खान व जैनब बानो पत्नि श्री अब्दूल रउफ जाति कायमखानी निवासी वार्ड नं.15 बीदासर।	864 व.मी. (मकान निर्माण स्वीकृति)	आसाराम माली	उप तहसील भवन	आम रास्त	आम रास्त

राज.संवाद / सी / 26 / 1143 अधिशाषी अधिकारी